Regarding Need to make a schedule for Document Verification (DV) for candidates who cleared CBT and PET as a part of recruitment in Railways- Laid

एडवोकेट चन्द्र शेखर **(नगीना) :** CBT और PET उत्तीर्ण अभ्यर्थी लंबे समय से अपने-अपने जोनों में दस्तावेज़ सत्यापन (DV) का इंतजार कर रहे है, परंतु पिछले 4-5 महीनों से किसी भी जोन में DV जारी नहीं की गई है ।

RTI डेटा के अनुसार, सभी जोनों में कई पद रिक्त हैं । रेल मंत्रालय के आदेश (पत्र सं 2021/E(RRB)23/09 दिनांक 22/10/2021) के अनुसार, रिक्त पदों पर रिप्लेसमेंट DV जारी की जानी चाहिए । कुछ जोनों ने इसका पालन किया, लेकिन कई जोन अभी भी अनुपालन नहीं कर रहे है ।

लगभग 6 वर्षों के इंतजार के बाद कई अभ्यर्थी न्यूनतम अंकों से चयन से वंचित रह गए हैं और अब ओवर-एज हो रहे हैं । निरंतर प्रयासों के बावजूद कोई समाधान नहीं मिल रहा, जिससे अभ्यर्थियों में निराशा बढ़ रही है ।

अतः सभी जोनों से शीघ्र रिप्लेसमेंट डीवी जारी करनी चाहिए ।